# APPENDICES

F [ ]

# VALUE – PERCEPTION QUESTIONNAIRE

1. नाम :............................................  2. स्कूल :............................................

3. कक्षा :............................................  4. वर्ग :............................................

5. परिवार के उन सदस्यों के आगे (√) का निशान लगाइये, जिनके साथ आप रहते हैं)

| | | |
|---|---|---|
| माता | – | भाई |
| पिता | – | बहिन |
| दादा | – | बुआ |
| दादी | – | नाना |
| चाचा | – | नानी |
| चाची | – | अन्य |

निर्देश :-

1. यह प्रश्नावली केवल अनुसंधान हेतु तैयार की गई है । आपके द्वारा दी गई जानकारी गोपनीय रखी जायेगी तथा इसका प्रभाव आपके परीक्षाफल पर नहीं पडेगा। अत: नि: संकोच होकर उत्तर दें।

2. सभी प्रश्नों के उत्तरों दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के नीचे तीन संभावित उत्तर (1,2 व 3) दिये गये है। इन उत्तरों में जो आपकी दृष्टि से सही है उसी में सही का टिक/निशान (√) लगायें।

1. यदि कोई व्यक्ति अपने देश की बुराई करता है तो आप
   (1) उसे ऐसा करने से मना करेंगे।
   (2) आप स्वयं भी उस व्यक्ति का बुराई करने में साथ देंगे।
   (3) उसे समझाने का प्रयास करेंगे।

2. यदि कोई व्यक्ति आपके सामने राष्ट्रीय ध्वज को पैरों से रौंदता है तो आप
   (1) उसे अनदेखा कर देंगे ।
   (2) उसे ऐसा करने से मना करोगे।
   (3) उसे राष्ट्रीय ध्वज का महत्व बतायेंगे।

3. किसी देशभक्त की पुण्यतिथि/जन्मदिन/राष्ट्रीय पर्व आने पर आप क्या करते हैं-
   (1) उस दिन की छुट्टी लेकर घर पर ही रहते हैं ।
   (2) बाहर घूमने - फिरना पसंद करते है।
   (3) स्वयं विद्यालय में उपस्थित होकर कार्यक्रम में भाग लेते है।

4. यदि कोई व्यक्ति स्वतंत्रता सेनानियों व उनके विचारों की बुराई करता है तो आप-
   (1) उनके बारें में तथा उनके कार्य के महत्त्व को समझाते है।
   (2) स्वयं की उसके साथ बुराई करने लगते है।
   (3) उस व्यक्ति की बातों से बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होते है।

5. कोई व्यक्ति राष्ट्रीय गान त्रुटिपूर्ण गाता है तो आप -
   (1) उसे राष्ट्रगान गाने से मना कर देंगे।
   (2) उसे अनसुना करते हुये अपना काम करेंगे।
   (3) आप उसे सही राष्ट्रगान गाकर सुनायेंगे।

6. यदि आपके मित्र/सहपाठी के अंक कक्षा मे सबसे कम आते हैं तो आप -
   (1) उसका मजाक उडाते हैं ।
   (2) आप उससे मित्रता तोड देते है।
   (3) उसकी कमियों को दूर करनेमें उसकी मदद करेंगे।

7. विद्यालय के किसी कार्यक्रम की तैयारी मे शिक्षकों व अन्य सहपाठी के साथ आप-
   (1) उनके कार्य में मदद करते है।
   (2) केवल बैठकर देखते है।
   (3) अनदेखा कर देते है।

8. आपका सहपाठी घर की आर्थिक तंगी के कारण किताबें नही खरीद पा रहा है तो आप –
   (1) उस की हंसी उडायेंगे ।
   (2) उसकी इस स्थिति से दुखी होंगे ।
   (3) उसे अपनी किताबें पठने के लिए दे देंगे।

9. यदि आपका मित्र / सहपाठी अपना गृहकार्य पूरा नहीं कर पा रहा है तो आप–
   (1) कार्य पूरा करने में मदद करेंगे।
   (2) अध्यापक से शिकायत करेंगे।
   (3) अनदेखा करेंगे।

10. आपके सहपाठी को वार्षिक उत्सव में, भाग लेने का अवसर मिलता है पर उसके पास सफेद जूते नहीं है तो आप –
   (1) उसे अपने जूते दे देंगे।
   (2) यह सोचकर कि, आपको अवसर नहीं मिल, दु:खी होंगे ।
   (3) उसे भाग लेने से निरूत्साहित करेंगे।

11. जरूरत पडने पर आप अपने दोस्त के बस्ते से बिना पूछे ही पेंसिल निकाल लेते है, दोस्त के पूछने पर –
   (1) उसे पेसिल के बारे में नहीं बताते है।
   (2) किसी दूसरे छात्र पर उसकी चोरी का अरोप लगा देते है।
   (3) उसे पंसिल के बारे में बता देते है।

12. गृहकार्य पूरा न करके लाने के कारण जब शिक्षक आपसे पूछते हैं तो आप–
   (1) अपनी बीमारी का बहाना बताते है।
   (2) कुछ नहीं बोलते है।
   (3) ईमानदारी पूर्वकं गृहकार्य न कर पाने का कारण बता देते है।

13. जब आपके पिताजी बाजार से कुछ सामान लाने के लिए कहते हैं तो आप –
   (1) सामान से बचे हुये पैसे वापस कर देते हैं ।
   (2) पूरे पैसे खर्च कर देते है।
   (3) बचे हुय पैसे स्वयं किसी को बिना बताये रख लेते है।

14. परीक्षा में एक प्रश्न का उत्तर न लिख पाने के कारण आप –
   (1) करीब में बैठे छात्र की नकल करते है।
   (2) उस प्रश्न को हल करने की कोशिश करते है।
   (3) उस प्रश्न को छोड देते है।

15. स्कूल जाते समय आपके सामने जा रहे एक व्यक्ति का रूपयों का पर्स गिर जाता है तो आप
(1) वह पर्स स्वयं रख लेते है।
(2) उस व्यक्ति को पर्स ले जाकर दे देते है।
(3) अनदेखा करते हुये चले जाते है।

16. एक विद्यार्थी के रूप में शोर करते हुये बच्चों की कक्षा में आपका उत्तरदायित्व है कि
(1) स्वंय भी उनके साथ शोर करे।
(2) स्वयं भी शोर न करें व उन्हें शांत रहने के लिये समझाये ।
(3) उन्हें ऐसा न करने के लिए डॉटे।

17. घर में आप माता - पिता के कार्यो में -
(1) मदद कर देते है।
(2) अनदेखा कर देते है।
(3) छोटे भाई - बहनों से मदद करने के लिए कहते है।

18. आपका एक मित्र केला खाकर उसका छिलका कक्षा में ही फेंक देता है तो आप-
(1) अनदेखा कर देते है।
(2) उसे ऐसा करने से मना करते है।
(3) उसे समझाते हैं कि कक्षा में सफाई रखना हमारा कर्तव्य है ।

19. आपका छोटा भाई/बहिन किसी विषय में कम अंक लाता है तो आप
(1) कोई परवाह नहीं करते है।
(2) उसे डॉटते है।
(3) उस विषय में उसकी कठिनाईयों को जानकर उनको दूर करने का प्रयास करते है।

20. एक दिन आपका दोस्त विद्यालयीन समय में स्कूल से भागने के लिए कहता है तो आप -
(1) उसके साथ चले जाते है।
(2) उसे ऐसा करने से मना करते है।
(3) उसकी शिकायत अध्यापक से कर देते है।

21. यदि दूसरे धर्म/जाति का छा.त्र आपको अपने धार्मिक उत्सव में आने के लिये आमंत्रित करता है तो आप -
(1) उसके घर नहीं जाते है।

(2) उसके धार्मिक उत्सव की निंदा करते है।
(3) घर जाकर उसके धार्मिक उत्सव में भाग लेते है।

22. आपके दादा - दादी आज भी छुआछूत व भेदभाव को मानते हैं तो आप-
(1) उन्हें समझाते है कि सभी व्यक्ति समान है।
(2) कोई परवाह नहीं करते है।
(3) उन्हें ऐसा करने से मना करते है।

23. आपके कक्षा - शिक्षक बच्चों के साथ धर्म व जाति के आधार पर पक्षपात पूर्ण व्यवहार करते हैं तो आप -
(1) उनके इस व्यवहार की चर्चा घर में माँ-बाप से करते है ।
(2) प्रचार्य से शिक्षक के इस व्यवहार की शिकायत करते हैं ।
(3) अनदेखा करते हैं ।

24. यदि एक हिन्दू सहपाठी, सिख सहपाठी की संस्कृति की निंदा करता है तो आप-
(1) उसे ऐसा करने से मना करते है।
(2) स्वयं भी निंदा करने में उसका साथ देते है।
(3) उसे सभी संस्कृतियों के सम्मान के लिये कहते है।

25. यदि रास्ते में जाते समय मंदिर/मस्जिद/गुरूद्वारा/चर्च आदि आते हैं तो आप-
(1) सभी के सामने सिर झुकाते है।
(2) केवल अपने ही मंदिर/मस्जिद/गुरूद्वारा/चर्च के सामने सिर झुकाते है।
(3) अनदेखा कर देते है।

26. कोई व्यक्ति आपके सामने ही एक हरे- भरे वृक्ष को काटता है तो आप-
(1) उसे काटने देते है।
(2) उसे मना कर देते है।
(3) उसे समझाते हैं कि वृक्ष हमारे लिये कित्तने उपयोगी है।

27. यदि आपके दादाजी आपके जन्मदिन पर कोई उपहार देने की अपेक्षा पौधे लगाते हैं तो आप -
(1) उपहार न मिलने पर नाराज हो जाते है।
(2) उनके इसकार्य की प्रशंसा करते हैं व स्वयं भी पौधे लगाते है।
(3) उन्हें ऐसा करने से मना करते हैं।

28. एक व्यक्ति अपने पशुओं को तालाब/नदी मे नहलाता है तो आप -
(1) उसे ऐसा करने से मना करते है।

(2) उसे समझाते हैं कि पशुओं को पीने के पानी की जगह नहलाने से पानी गंदा होता है।

(3) अनदेखा कर देते है।

29. आपका छोटा भाई/बहिन बहुत तेज आवाज में गाने चलाता है तो आप –

(1) उसे डॉटते है।

(2) उसे समझाते हैं कि तेज आवाज से आसपास के लोगों को परेशानी होती है।

(3) उसे लाउड स्पीकर बंद करने के लिये कहते हैं ।

30. आपका पड़ोसी घर का कचरा घर के समाने ही फेंक देता है तो आप –

(1) अनदेखा कर देते है।

(2) उसे ऐसा करने से मना करते है।

(3) उसे समझाते हैं कि कचरा फेंकने से भूमि प्रदूषण होता है।

------000000-------